- ऐसा प्रेम अंतः मिलन और मोक्ष का कारण बनता है।

सच्चे प्रेम का हृदय क्या कहता है ?

- तेरा दुख मेरा दुख है।
- तेरी खुशी ही मेरी खुशी है।
- तू रहे या न रहे, मैं तेरा मंगल ही चाहता हूँ।
- मैं कुछ नहीं चाहता, बस तेरा जीवन सुरक्षित रहे।
- अगर तुझे बचाने के लिए मुझे नाष्ट भी होना पड़े, तो येह सौदा मुझे मंजूर है।

मूल संदेश

सच्चे प्रेम में अपमान नहीं दिखता,
सेवा दिखती है।
सच्चे प्रेम में दूरी नहीं दिखती,
मंगल दिखता है।
सच्चा प्रेम वहीं है,
जो स्वयं को मिटाकर भी
प्रिय को जीवित रखे।

जो अपमान के बाद भी प्रिय का मंगल करे, अपने आप को अर्पित कर दे, वही सच्चा प्रेमी है, वही ईश्वर के प्रेम के योग्य है।

लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-4

सच्चे प्रेम का अनावरण – सत्य का प्रकाश और प्रेम की जीत

असली चेहरा और नकली चेहरा का रहस्य

सच्चा प्रेम कभी छुपता नहीं, एक दिन सत्य बनकर सामने आता है।

घटना – सत्य सामने आया और सच्चे प्रेम की विजय हुई

1. लड़की को सत्य का पता चला

जब वह स्वस्थ हुई और सब कुछ जाना, तो उसकी आँखों में आँसू बह निकले।

2. पिता ने सारा सत्य बताया

पिता ने सब पूरी घटना बताई, तो वह भीतर तक हिल गई, उसे अपने कमीं पर पछतावा हुआ।

3. पछतावा और आत्मग्लानि

उसे अपनी कठोर वाणी, अपने व्यवहार और अपने अहंकार पर गहरा पछतावा हुआ।

4. उसे खोजने का निर्णय

वह ठान लेती है कि उसे किसी भी हाल में ढूंढसवों और येमी को ढूंढकर क्षमा माँगनी है।

5. मिलने – कृतज्ञता के आँसू

वह उसे पाकर रो पड़ी, उसके चरणों में गिर पड़ी और बार-बार क्षमा मांगने लगी।

6. सच्चे प्रेम की विजय

वह मुस्कुराया और कहा – "तुम्हारी खुशी ही मेरा धन है, यही मेरी जीत है।"

सच्चे प्रेम की पहचान – अंतिम विजय

- सच्चा प्रेम अंततः सत्य बनकर सामने आता है।
- सच्चे प्रेमी को न मान-सम्मान की चाह होती है और न ही प्रतिदान की।
- सच्चा प्रेम अपमान, दूरी और पीड़ा के बाद भी नहीं बदलता।
- सच्चे प्रेम देने में आनंद पाता है, पाने में नहीं।
- सच्चे प्रेम में क्षमा, करुणा और त्याग स्वभाव बन जाते हैं।
- सच्च प्रेम किसी को छोटा नहीं करता, उसे उठाता है।
- सच्च प्रेम किसी से कुछ छुपाता नहीं, सिर्फ देता है।
- सच्च प्रेम शरीर से नहीं, आत्मा से जुड़ा होता है।
- सच्च प्रेम समय की कसौटी पर खरा उतरता है।
- सच्च प्रेम ईश्वर का ही अंश है, इसलिए अमर है।

सच्चा प्रेम कभी छुपता नहीं, एक दिन सत्य बनकर सामने आता है और जीवन बदल देता है।

यह घटना हमें क्या सिखाती है ?

- प्रेम में अहंकार नहीं, समर्पण होना चाहिए।
- किसी को अपमानित करने से पहले सोचें, कहीं वह सच्चा प्रेमी तो नहीं।
- जो बिना किसी स्वार्थ के हमारा मंगल चाहे, वही सच्चा अपना होता है।
- क्षमा मांगने में छोटापन नहीं, महानता है।
- सच्चा प्रेम देर से सही, पर जीतता अवश्य है।
- प्रेम का त्याग व्यर्थ नहीं जाता।
- प्रेम का प्रतिदान प्रेम की भावना है, भौतिक वस्तु नहीं।

क्यों सच्चा प्रेम अंततः विजय पाता है ?

- क्योंकि वह स्वार्थरहित होता है।
- क्योंकि वह केवल देने में विश्वास करता है।
- क्योंकि वह समय और परिस्थितियों से नहीं हारता।
- क्योंकि वह ईश्वर की भाँति करुणामय होता है।
- क्योंकि वह भीतर से शुद्ध और निष्कलंक होता है।

सच्चे प्रेम की श्रेष्ठताएँ

- निस्वार्थ – केवल प्रिय का मंगल चाहता है।
- धैर्यवान – परिस्थितियों से टूटता नहीं।
- क्षमाशील – अपमान को भी प्रेम में बदल देता है।
- त्यागमय – अपने सुख को बलिदान कर देता है।
- समर्पित – स्वयं को उसके प्रति अर्पित करता है।
- करुणामय – प्रिय के दुःख को अपना समझता है।

सच्चे प्रेम का परिणाम (आगे की ओर)

- हृदय में शांति और संतोष आता है।
- जीवन में करुणा और प्रेम बढ़ता है।
- ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग खुलता है।
- संबंधों में मधुरता और विश्वास आता है।
- आत्मा निर्मल, शांत और प्रभु से एकरूप हो जाती है।

सच्चा प्रेम का हृदय क्या कहता है ?

- मैंने तुम्हें हमेशा खुश देखा, यही मेरी खुशी थी।
- तुमने मुझे ठुकराया, पर मैंने तुम्हें कभी नहीं ठुकराया।
- तुम्हारी एक आँसू के लिए मैं अपना सब कुछ दे सकता हूँ।
- तुम्हारी खुशी में ही मेरा जीवन सफल है।
- मैं कुछ नहीं चाहता, केवल तुम्हें प्रसन्न देखना चाहता हूँ।

मुल संदेश

सच्चा प्रेम अपमान के बाद भी नहीं बदलता।
सच्चा प्रेम त्याग करता है, प्रतिदान की अभीक्षा नहीं रखता।
सच्चा प्रेम अंततः सत्य बनकर सामने आता है और जीवन को धन्य कर देता है।

लड़की के हृदय की अनुभूति

- मैंने उसे अपमान दिया, उसने मुझे जीवन दिया।
- मैंने उसे ठुकराया, उसने मुझे स्वीकर किया।
- मैंने कठोरता दिखाई, उसने प्रेम दिखाया।
- मैंने दूरी बनाई, उसने पास रहने का हक भी नहीं माँगा।
- वह सच्चा प्रेम था, वह आज भी है, वह सदा रहेगा।

जो अपमान के बाद भी प्रेम करता रहे, वही सच्चे प्रेम की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण होता है।
सच्चा प्रेम अंततः विजयी होता है, और आत्मा को परम शांति देता है।

लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-5

सच्चे प्रेम का परम त्याग, उदारता और परम मिलन

असली चेहरा और नकली चेहरा का रहस्य

सच्चा प्रेम कभी स्वार्थ नहीं करता, वह केवल देता है, देता है और देता है ।

घटना – सच्चे प्रेम की चरम परीक्षा और परम मिलन

1. बीमारी बढ़ी | 2. पैसों की कमी | 3. प्रेमी को पता चला | 4. स्वयं को बेच दिया | 5. इलाज करवाया | 6. लड़की ठीक हुई | 7. सत्य से सामना

1. लड़की की तबीयत बहुत खराब हो जाती है, घर वाले हैरान और परेशान हो जाते हैं ।
2. घर की स्थिति कमज़ोर थी, इतने बड़े इलाज के लिए पैसे जुटाना असंभव था ।
3. लड़के को जब पता चला तो उसका हृदय व्याकुल हो उठा, उसने निश्चय किया ।
4. लड़के ने अपने आप को बेच दिया और ₹50,000 इकट्ठा कर लिया ।
5. उसने डॉक्टर को ₹50,000 दिए और लड़की का बेहतरीन इलाज शुरू कराया ।
6. इलाज सफल हुआ, लड़की धीरे-धीरे पूरी तरह स्वस्थ हो गई ।
7. लड़की ने जब सच्चाई जानी तो उसकी आँखों से आँसू रुक नहीं पाए ।

सच्चे प्रेम की पहचान – परम त्याग

- ❤ सच्चा प्रेम अपने सुख के लिए नहीं, प्रिय के सुख के लिए जीता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम त्याग करता है, पाने की चाहत नहीं रखता ।
- ❤ सच्चा प्रेम शरीर नहीं, आत्मा से प्रेम करता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम अहंकार से रहित होता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम उपकार नहीं गिनता, कर्तव्य मानकर करता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम धन्यवाद की अपेक्षा नहीं करता ।
- ❤ सच्चा प्रेम बदले की भावना नहीं रखता ।
- ❤ सच्चा प्रेम देह, धन और मान के मोह से परे होता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम ईश्वर के प्रेम के समान निर्मल होता है ।
- ❤ सच्चा प्रेम अंत में मिलन ही नहीं, मोक्ष का द्वार खोलता है ।

सच्चा प्रेम केवल देने में विश्वास रखता है, मांगने में नहीं ।

यह घटना हमें क्या सिखाती है ?

- ★ प्रेम स्वार्थरहित होता है, सौदा नहीं करता ।
- ★ सच्चा प्रेम प्रिय की तकलीफ को अपनी तकलीफ मानता है ।
- ★ सच्चा प्रेम त्याग करके भी प्रसन्न रहता है ।
- ★ सच्चा प्रेम किसी बंधन की अपेक्षा नहीं करता ।
- ★ जो अपना सर्वस्व देकर भी कुछ न मांगे, वही सच्चा प्रेमी है ।
- ★ सच्चा प्रेम भगवान के प्रेम का ही रूप है ।
- ★ ऐसा प्रेम जीवन को धन्य कर देता है ।
- ★ सच्चा प्रेम देह से परे, आत्मा के मिलन तक ले जाता है ।
- ★ ऐसा प्रेम संसार में दुर्लभ है, वही परम प्रेम है ।

क्यों सच्चा प्रेम दुर्लभ है ?

- क्योंकि अधिकतर लोग स्वार्थ और वासना से प्रेम करते हैं ।
- क्योंकि त्याग करना अत्यंत कठिन है ।
- क्योंकि अहंकार प्रेम में भी आ जाता है ।
- क्योंकि लोग पाने के लिए प्रेम करते हैं, देने के लिए नहीं ।
- क्योंकि संसार में देह का आकर्षण प्रमुख है, आत्मा का नहीं ।

सच्चे प्रेम की विशेषताएँ

- ✔ निर्मल – स्वार्थ और छल से रहित ।
- ✔ निष्काम – केवल प्रिय के लिए समर्पित ।
- ✔ निःस्वार्थ – कुछ पाने की चाह नहीं ।
- ✔ नित्य – समय, दूरी, परिस्थिति से परे ।
- ✔ निरहंकार – मान, सम्मान की इच्छा नहीं ।
- ✔ सहयोगी – प्रिय के सुख-दुःख में साथ ।
- ✔ करुणामय – दया, ममता और सेवा से भरा ।
- ✔ उदार – देने में आनंद, लेने में नहीं ।
- ✔ त्यागमय – अपने सुख का बलिदान करने वाला ।
- ✔ मोक्षदायी – अंततः आत्मा के मिलन का कारण ।

सच्चे प्रेम का परिणाम (आगे की ओर)

- जीवन में शांति और संतोष आता है ।
- आत्मा पवित्र और प्रसन्न रहती है ।
- ईश्वर की कृपा स्वतः प्राप्त होती है ।
- संबंधों में मधुरता और विश्वास आता है ।
- ऐसा प्रेम जन्म-जन्मांतर तक साथ रहता है ।
- आत्मा को परम शांति मिलती है, जो मोक्ष का मार्ग है ।

सच्चे प्रेम का हृदय क्या कहता है ?

- ❤ तू सुखी रहे, यही मेरी पुजा है ।
- ❤ तेरी हँसी मेरी जिंदगी है ।
- ❤ तेरा दुःख मेरा दुःख है ।
- ❤ मैं तेरा हूँ, सदा तेरा रहूँगा ।
- ❤ तेरे लिए सब कुछ अर्पित है ।
- ❤ चाहे तू पास रहे या दुर, मेरा प्रेम सदा तेरे साथ रहेगा ।

मूल संदेश

सच्चा प्रेम शरीर से नहीं, आत्मा से होता है ।
सच्चा प्रेम स्वार्थ से नहीं, समर्पण से होता है ।
सच्चा प्रेम मांगता नहीं, केवल देता है ।
सच्चा प्रेम त्याग करता है, पर पश्चाताप नहीं करता ।
सच्चा प्रेम अंततः परम मिलन और मोक्ष का मार्ग है ।

लड़की ने क्या सीखा ?

- ❤ मुझे सच्चे प्रेम का अर्थ समझ में आया ।
- ❤ ऐसा प्रेम दुर्लभ है और अमूल्य है ।
- ❤ मैं ऐसे प्रेम के योग्य बनने का प्रयास करूँगी ।
- ❤ मैं जीवन भर इस त्याग को सम्मान दूंगी और स्मरण रखूँगी ।

जो प्रेम त्याग करे, वही सच्चा प्रेम है । जो प्रेम देता जाए, वही ईश्वर का प्रेम है ।
जो प्रेम मोक्ष तक ले जाए, वही प्रेम जीवन का सार है ।

लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

कर्मों का अकाट्य नियम -
क्षमा नहीं, भोगना ही पड़ेगा
ॐ
ॐ
ब्रह्मवैवर्त पुराण
"कर्म का सिद्धान्त अटल है — क्षमा नहीं, केवल भोग"
24 घंटे का कर्म-लेखा
23 घंटे 50 मिनट - तपस्या
संचित पुण्य - प्रकाशित
10 मिनट - पाप
संचित पाप - अंधकार
मोक्ष मेरी मुट्ठी में
जा, 84 में
मोक्ष प्राप्त कर
1 धर्म का तराजू
कोई क्षमा नहीं — तौल बराबर,
फल अपरिहार्य
— ब्रह्म कल्प चक्र —
— जन्म-मृत्यु चक्र
धर्म
जन्म → बाल्य → मृत्यु
गर्भ में आत्मा
हज़ारों ब्रह्मा बीतते हैं
ब्रह्मा आते-जाते...,
कल्प बदलते...
केवल निष्काम कर्म → गोलोक
— निष्काम भक्ति → मुक्ति → गोलोक प्राप्ति —
पाप
पाप → नरक / निम्न योनि → पुनर्जन्म
पुण्य (सकाम)
दान-पूजा सकाम → स्वर्ग/धरती पर
पुनः जन्म भोगने के लिए
सुख भोग कर पुनः धरती पर वापस
शर्त: "एक भी कर्म बाकी तो वापस आना"
- 2% कर्म शेष भी कारण बनता है पुनर्जन्म का
2%
भक्त का मार्ग
– अनासक्त भाव
पूर्व जन्म के पाप — प्रारब्ध भोग
भजन-कीर्तन + अनासक्त भाव → कर्म बंधन क्षीण
© लेखक - श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ अद्वैतानंद पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

स्वार्थ की मम्मी
और पापा कौन है?
मोह / ममता
मम्मी
अहंकार
पापा
स्वार्थ
लेखक - श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ अद्वैतानंद पं. श्री जयप्रकाश वैशणव

स्वार्थ की मम्मी
और पापा कौन है?
मेरा
मैं
स्वार्थ
में + मेरा = स्वार्थ
मम्मी - ममता / मोह
पापा - अहंकार
लेखक - श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म
@ अद्वैतानंद पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

माया का वंशावली - पूरा परिवार

अद्वैत वेदांत के अनुसार माया का परिवार वंशक्रम

दंपति

स्तर 1

निर्गुण निराकार ब्रह्म

सर्वोच्च • अनंत • निराकार • निरविकार

↓

दंपति

स्तर 2

माया शक्ति

सृष्टि की मूल शक्ति • ब्रह्म की क्रियात्मक शक्ति

↓

दंपति

स्तर 3

अविद्या (पति) अज्ञान • मोह का मूल	**त्रिगुणात्मक प्रकृति** (पत्नी) सत्त्व • रज • तम

↓

दंपति

स्तर 4

अहंकार (1 पुत्र) मैं-मेरा का अभिमान	**पती भ्रोह** बंधन • आसक्ति • मोह

↓

दंपति

स्तर 5

स्वार्थ (पुत्र) स्वयं के लाभ की प्रवृत्ति	**पती भ्रांति** (भ्रम - निक नाम 'भ्रम', असली 'भ्रति') भ्रम • गलत समझ • मिथ्या धारणा

↓

दंपति

स्तर 6

स्वार्थ एवं भ्रांति के 8 पुत्र और 4 बेटियां

8 पुत्र :

1. इच्छा
2. कामवासना
3. क्रोध
4. लोभ
5. राग-द्वेष
6. कपट
7. झूठ
8. भय

4 बेटियां :

1. चंचल • संसार की माया में उड़ान
2. चिंता • अब क्या होगा
3. निंदा (चुगली) • दूसरों में बुराई देखना
4. ईर्ष्या (जलन) • "मैं ही आगे रहूं"

लेखक - अद्वैतानंद पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

ॐ तत् सत् • माया सिर्फ ब्रह्म का प्रतिबिंब है • ज्ञान से माया निवृत्त

माया का वंशावली
माया का पूरा खानदान
इनके भरे पूरे परिवार
जान लीजिए भक्तों!
यह सब माया के परिवार को!
रिसर्च के अनुसार
इसको तैयार किया गया हैं!
निर्गुण निराकार ब्रह्म ॐ
माया शक्ति
अविद्या (अज्ञान) (पति)
त्रिगुणात्मक प्रकृति (पत्नी)
श्रीमान अहंकार जी (कर्ताभाव) (पति)
श्रीमती मोह जी (आसक्ति) (पत्नी)
अहंकार के माता-पिता
पिताजी – अविद्या (अज्ञान)
माताजी – त्रिगुणात्मक प्रकृति
स्वार्थ राजा (एकमात्र पुत्र) (पति)
श्रम (भ्रांति) रानी (Nick Name – श्रम) (पत्नी)
पूरा डिटेल में वंशावली
1. निर्गुण निराकार ब्रह्म
2. माया शक्ति
3. अविद्या – त्रिगुण प्रकृति (पति–पत्नी)
4. अहंकार – मोह (आसक्ति) (पति–पत्नी)
5. स्वार्थ – भ्रांति (भ्रम) (पति–पत्नी)
6. 8 पुत्र और 4 पुत्रियों
अहंकार = दादाजी
मोह = दादी
स्वार्थ = पिता
भ्रांति = माता
इनके 12 संतानें – 8 पुत्र और 4 पुत्रियों
8 पुत्र (बेटे)
1 इच्छा
2 कामवासना
3 क्रोध
4 लोभ
5 राग द्वेष
6 कपट
7 झूठ
8 भय
4 पुत्रियों (बेटिंयों)
1 चंचल (चलायमान)
उद्देस्य
निरंतर बिना रुके संसार की माया में उड़ान भरना!
2 चिंता (तनाव)
उद्देस्य
अब क्या होगा? आगे क्या होगा? हे भगवान रक्षा करो!
3 निंदा (चुगली)
उद्देस्य
अपने स्वभाव से प्रतिकूल, अपने को सर्वश्रेष्ठ समझना और हर व्यक्तियों में बुराई पकड़ना, एक दुसरे को दोषी देना!
4 ईर्ष्या (जलन)
उद्देस्य
संसार में नंबर वन केवल में रहूँ, मैं ही सबसे आगे रहूँ, मेरे से आगे कोई न जाए, वह मुझे मिले वेवल मुझे किसी दूसरे को नहीं! चाहे संसार के एरिया में चाहे भगवान के एरिया में भगवान के क्षेत्र में भी और संसार के क्षेत्र में भी यह बेटी अंत:करण में शासन करती है! चाहे भक्त हो चाहे तपस्वी, चाहे ज्ञानी चाहे योगी, चाहे संत चाहे ऋषि! यह बेटी किसी को नहीं छोड़ती!
याद रखें –
यह आठ बेटा और चार वेटियां स्वार्थ और भ्रांति के बाल बच्चे हैं!
स्वार्थ के मम्मी और पापा का नाम –
मम्मी का नाम – श्रीमती मोह जी (आसक्ति).
पापा का नाम – श्रीमान अहंकार जी (कर्ताभाव).
अब जानते हैं कि अहंकार के माता और पिता कौन हैं?
इसके पिताजी का नाम है अविद्या अर्थात् अज्ञान
और उनकी मम्मी का नाम है त्रिगुणात्मक प्रकृति!
अब जानते हैं अविद्या की मम्मी का नाम क्या है- माया शक्ति!
और माया शक्ति के पिताजी का नाम है निर्गुण निराकार ब्रह्म!
ईर्ष्या (जलन) – विशेष जानकारी
क्योंकि यह अहंकार की नातिन है!
यह बेटी अहंकार का खून है!
अहंकार इस बेटी के दादाजी हैं
इसलिए इसका कार्थ अहंकार से संबंधित होता है!
स्वार्थ इनके पापा जी हैं?
और अहंकार दादाजी!
समझने योग्य मुख्य बातें
★ पुरा परिवार माया का है और यह संसार के सभी दु:खों का कारण है!
★ इनका उत्पति क्रम ब्रह्म से शुरू होकर माया की शक्ति से होता है!
★ इनले प्राणी का पतन होता है और यही बंधन का कारण हैं!
★ इनको पहचानने और इनसे ऊपर उठने का नाम ही भक्ति, साधना और ज्ञान है!
|| हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हररे ||
राधा राधा राधा राधा राधा राधा
लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

माया का वंशावली

माया का पूरा खानदान – इनके भरे पूरे परिवार

जान लीजिए भक्तों
यह सब माया के परिवार को !
रिसर्च के अनुसार
इसको तैयार किया गया है !

ॐ निर्गुण निराकार ब्रह्म
(परम सत्य)

माया शक्ति
(समस्त सृष्टि की मूल शक्ति)

माया शक्ति के पिताजी
निर्गुण निराकार ब्रह्म
ॐ

अविद्या
(अज्ञान)

❤ पति-पत्नी

त्रिगुणात्मक प्रकृति
(सत, रज, तम)

▶ अविद्या (अज्ञान) और त्रिगुणात्मक प्रकृति (सत, रज, तम) का मिलन हुआ और इनसे उत्पन्न हुआ एक पुत्र → अहंकार

अहंकार
(कर्ताभाव)
(श्रीमान अहंकार जी)

❤ पति-पत्नी

मोह
(आसक्ति)
(श्रीमती मोह जी)

▶ अहंकार (कर्ताभाव) और मोह (आसक्ति) का विवाह हुआ और इनसे एक पुत्र का जन्म हुआ → स्वार्थ

स्वार्थ
(राजा)
(लाडला पुत्र)

❤ पति-पत्नी

भ्रांति (भ्रम)
(चालू नाम – भ्रम)
(असली नाम – भ्रांति)

▶ स्वार्थ और भ्रांति (भ्रम) का विवाह हुआ और इनके बहुत सारे बाल बच्चे हुए – कुल 12 बच्चे

8 पुत्र (बेटे)

1	2	3	4	5	6	7	8
इच्छा	कामवासना	क्रोध	लोभ	राग-द्रेष	कपट	झूठ	भय
उद्देश्य – हर समय कुछ न कुछ पाने की चाह रखना !	उद्देश्य – इंद्रियों के विषय भोगों की प्राप्ति की लालसा !	उद्देश्य – विरोध होने पर जलना, भड़कना और नष्ट करना !	उद्देश्य – अधिक से अधिक पाना, चाहे जैसे भी हो !	उद्देश्य – राग में चिपकना और द्वेष में घृणा करना !	उद्देश्य – दिखावे से स्वार्थ सिद्ध करना !	उद्देश्य – स्वार्थ के लिए सत्य को छिपाकर असत्य बोलना !	उद्देश्य – खोने का डर, असफलता का डर, अविष्य का डर !

4 पुत्री (बेटियां)

1	2	3	4
चंचल (चलायमान)	चिंता (तनाव)	निंदा (चुगली)	ईर्ष्या (जलन)
उद्देश्य – निरंतर बिना रूके संसार की माया में उड़ान भरना !	उद्देश्य – अब क्या होगा ? आगे क्या होगा ? हे भगवान रक्षा करो !	उद्देश्य – अपने स्वभाव से प्रतिकूल, अपने को सर्वश्रेष्ठ समझना और हर व्यक्तियों में बुराई पकड़ना ! एक दुसरे को दोषी देना !	अंत:करण में अंगार उबलना उद्देश्य – संसार में नंबर वन केवल मैं रहूं, मैं ही सबसे आगे रहूं, मेरे से आगे कोई न जाए, वह मुझे मिले केवल मुझे किसी दुसरे को नहीं !

ईर्ष्या (जलन) के बारे में विशेष रहस्य

- चाहे संसार के एरिया में चाहे भगवान के एरिया में, भगवान के श्रेत्र में भी और संसार के श्रेत्र में भी यह बेटी अंत:करण में शासन करती है !
- चाहे भक्त हो चाहे तपस्वी चाहे ज्ञानी चाहे योगी चाहे संत चाहे ऋषि ! यह बेटी किसी को नहीं छोड़ती ! मेरी भक्ति सर्वश्रेष्ठ बाकी की भक्ति बेकार ! अपने से कोई बड़ा भक्त मिले तो देख नहीं पाएगी, अपने से बड़ा धनवान मिले तो देख नहीं पाएगी, अपने से बड़ा ज्ञानी मिले तो देख नहीं पाएगी, अपने से बड़ी सुंदर रुप मिले तो देख नहीं पाएगी !
- क्योंकि इनका मुख्य उद्देश्य है – मैं ही सुंदरता में, धन में, ज्ञान में, भक्ति में, केवल मैं ही आगे रहूं कोई अन्य नहीं !

ईर्ष्या (जलन) का पारिवारिक संबंध

अहंकार (दादाजी)
स्वार्थ (पिता)
भ्रांति (माता)
ईर्ष्या (जलन)
(नातिन)

- ईर्ष्या, अहंकार की नातिन है !
- स्वार्थ इसका पिता और अहंकार इसका दादाजी है !
- इसलिए इसका स्वभाव "मैं ही सबसे बड़ा रहूँ" होता है !

इस प्रकार यह 12 बाल बच्चे (8 पुत्र + 4 पुत्रियां) स्वार्थ और भ्रांति के हैं,
और स्वार्थ अहंकार व मोह का पुत्र है, अहंकार अविद्या व त्रिगुणात्मक प्रकृति का पुत्र है,
अविद्या माया शक्ति का पुत्र है और माया शक्ति निर्गुण निराकार ब्रह्म की शक्ति है !

लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

यह दुनिया केवल
पैसे की दुनिया है
वाह साहब जी! आपके बिना हम कुछ नहीं!
यह कैसी दुनिया है जान लीजिए
हटो... हमें काम है !
इस संसार में इज्जत आपकी नहीं, पैसे की होती है, संसार केवल पैसे का सम्मान करता है, आपका नहीं !
जब पैसा है...
तब सब आपके आगे पीछे घूमते हैं, आपकी इज्जत करते हैं, आपके गुण गाते हैं !
जब पैसा नहीं है...
तब कोई पूछने नहीं आता, सब मुंह फेर लेते हैं, यही है संसार का असली चेहरा !
संसार का सत्य समझिए
1 क्या वास्तव में आपकी इज्जत होती है ?
• आपको भ्रम है कि आपकी इज्जत हो रही है, आपका सम्मान हो रहा है !
• सच्चाई यह है कि आपकी इज्जत नहीं, पैसे का इज्जत हो रहा है !
• संसार अधिकतर धन का सम्मान करता है, व्यक्ति का नहीं।
2 समय बदलते ही सत्य सामने आ जाता है
• जब जीवन करवट लेता है और आप निर्धन हो जाते हैं, तब आपको संसार की असली रंगत दिखाई देती है।
• जो संसार आपको अपना समझते थे, वही मुंह फेर लेते हैं।
• तब समझ आता है कि यह दुनिया केवल स्वार्थ का संसार है !
3 संसार का असली चेहरा
• यह दुनिया ना कभी किसी की हुई, ना कभी किसी की होगी !
• यहां सबका रिश्ता केवल स्वार्थ और पैसे से है !
• पैसा है तब रिश्ता है, पैसा नहीं तो कोई नहीं !
• इसलिए सावधान रहो और इस संसार से बचकर रहो !
4 सबसे बड़ा संबंध किससे ?
• एकमात्र परमात्मा ही अपना है, दूसरा कोई नहीं !
• एक परमात्मा से रिश्ता जोड़ कर रखो, दुनिया में और किसी से नहीं !
• मन को इस जगत से हटाओ, तभी आपका कल्याण होगा।
• भजन-पूजन से नहीं, जब तक मन संसार से हटेगा नहीं। तब तक कल्याण होगा नहीं !
5 भगवान की कृपा क्या है ?
• जब भगवान जीव आत्मा पर बहुत बड़ी कृपा करते हैं, तो सबसे पहले संसार और प्राणियों के असली चेहरे को दिखाते हैं !
• जो संसार का नकली चेहरा देखकर फंसा होता है, उसे वे असली चेहरा पहचानने की बुद्धि देते हैं !
• यही भगवान की सच्ची कृपा है !
सत्य को जानिए
यहां संसार में कोई किसी की इज्जत नहीं करता, केवल इज्जत सिर्फ प्राणी पैसे का करता है !
इसीलिए सच्चाई को जानो और अपने भ्रम को दूर करो कि "यह मेरा है, यह मेरा है !"
दिनभर पागल जैसे झूठे संसार को अपना मान रहे हो !
सच्चाई को जानकर अपने मन को परमात्मा में लगाओ, यही जीवन का परम कल्याण है !
निष्कर्ष
संसार पैसे का संसार है, अहंकार का मायाजाल है !
इसलिए सावधान रहो, सत्य को पहचानो और एकमात्र परमात्मा से प्रेम जोड़ो !
लेख- श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव


दिव्य दृष्टि साक्षी
यह संसार भ्रम का समुद्र है
जैसे पानी के समुद्र में पानी ही पानी,
वैसे ही भ्रम के समुद्र में चारों तरफ भ्रम ही भ्रम
वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव

दुनिया के प्यार का नाटक प्रपंच
A Split Reality Comparison — Love vs. Truth Vision
माया दृष्टि (माइक दृष्टि)
— वह जो दिखता है, उस पर विश्वास —
I Love You
दिव्य दृष्टि
— छुपी सच्चाई का खुलासा —
पैसा
नाटक
स्वार्थ
बाएँ: भावनात्मक भ्रम • दाएँ: वास्तविकता

द्वितीय डिज़ाइन संस्करण - 02

दुनिया के प्यार का नाटक प्रपंच

— माया और दिव्य दृष्टि का बिरोधाभास —

जब मुखौटा उतरे, तब सच्चा स्वार्थ दिखे
— प्रेम नहीं, प्रयोजन।

दुनिया के प्यार का नाटक प्रपंच
नाटक
भाग-1
सत्य को पहचानो, भ्रम से बचो !
माइक दृष्टि (भ्रम की दृष्टि)
VS
दिव्य दृष्टि (सत्य की दृष्टि)
बाहरी शब्दों पर विश्वास करती है, भीतर की सच्चाई नहीं देख पाती !
मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूँ, I Love You. मैं तुम्हारे बिना नहीं जी सकती !
वाह ! यह मुझसे इतना प्यार करती है ! मैं कितना भाग्यशाली हूँ !
अरे हाँ भाई, लड़की सही कह रही है और इसके जाल में लड़का फंस जाएगा ! क्योंकि उसके पास माइक दृष्टि है, दिव्य दृष्टि नहीं !
यह बाहरी बातों और शब्दों में फंस जाती है !
भीतर की सच्चाई को देखती है, झूठ को पकड़ लेती है और सत्य पहचानती है !
मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूँ, I Love You. मैं तुम्हारे बिना नहीं जी सकती !
• क्या यह निःस्वार्थ प्रेम है ? • या किसी स्वार्थ के लिए मेरे पास आई है ? • इसका उद्देश्य क्या है ? • सत्य क्या है ?
दिव्य दृष्टि प्राणी को सिखाती है कि सत्य को पहचानो, केवल शब्दों को नहीं ! झूठ के पीछे छिपे मकसद को समझो !
यह सत्य को पहचानती है, झूठ के पर्दे को हटाती है !
माइक दृष्टि जाल में फंसाती है, दिव्य दृष्टि मुक्त कराती है !
एक भ्रम देती है, दूसरी सत्य का ज्ञान कराती है !
भ्रम का रास्ता बंधन की ओर ले जाता है
सत्य का रास्ता मुक्ति की ओर ले जाता है !
सार समझो
शब्दों का मीठापन सत्य की गारंटी नहीं होता !
हर मीठे बोल के पीछे नीयत को परखो !
दिव्य दृष्टि विकसित करो, सत्य की पहचान करो !
जो सत्य को पहचान लेता है, वही दुखों से बचता हैं !
दिव्य दृष्टि एक ऐसी दृष्टि है, जिसमें प्राणी झूठ को पकड़ लेता है और सत्य की पहचान करता है !
लेख – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-2
प्रेम के पीछे छिपा स्वार्थ का खेल !
बाहर प्रेम के मीठे शब्द.... अंदर स्वार्थ के गहरे भेद !
लड़का बाहर से क्या कहता है ?
मैं तुमसे बहुत प्यार करता हैं, तुम्हारे बिना नहीं जी सकता !
लड़की बाहर से क्या कहती है ?
I Love You. मैं तुम्हारे बिना नहीं जी सकती !
लेकिन अंदर का सच क्या है ?
मेरे मन में शरीर के स्पर्श, आकर्षण और भोग की इच्छा छिपी हुई है !
बाहर प्रेम का नाटक अंदर स्वार्थ का जाल
लेकिन अंदर का सच क्या है ?
मेरे मन में पैसा, सुरक्षा, सुविधा और सुख-साधन की चाह छिपी हुई है !
लड़के का स्वार्थ
शरीर के स्पर्श और भोग का स्वार्थ !
लड़की का स्वार्थ
पैसा, सुविधा और ऐशो-आराम का स्वार्थ !
स्वार्थ पूरा नहीं हुआ तो क्या होता है ?
स्वार्थ पूरा नहीं हुआ तो 2 मिनट भी साथ नहीं रहेगी/रहेगा !
स्वार्थ पूरा नहीं हुआ तो दोनों का रिश्ता एक सेकंड़ में खत्म !
स्वार्थ खत्म... रिश्ता खत्म, नाटक खत्म... प्रेम खत्म !
दुनिया के सारे रिश्ते स्वार्थ के झमेले हैं !
माता-पिता
अपेक्षाओं और स्वार्थ से भरा संबंध
पति-पत्नी
सुख-सुविधा और इच्छाओं का स्वार्थ
बेटा-बेटी
वृद्धावस्था का सहारा और अपेक्षाओं का स्वार्थ
भाई-बहन
संपति, तुलना और लाभ का स्वार्थ
मित्र
फायदे और उपयोग का स्वार्थ
रिश्तेदार/समाज
प्रतिछा, दिखावा और लाभ का स्वार्थ
हर रिश्ते के पीछे एक स्वार्थ छिपा है !
निष्कर्ष
यह दुनिया केवल प्यार का नाटक है !
अपने-अपने स्वार्थ को लेकर सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं !
सत्य को पहचांनो, जागो और स्वयं को इस मायाजाल से बचाओ !
दिव्य दृष्टि सत्य को पहचानती है, माया दृष्टि नाटक में फंस जाती है !
झूठे प्रेम के जाल से बचो, परमात्मा के सत्य प्रेम से जुड़ो !
लेख – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-3

दुनिया के सारे रिश्ते स्वार्थ के झमेले हैं !

यह दुनिया केवल प्यार का नाटक हैं !

सत्य क्या है ?

- ✓ दुनिया में कोई किसी से निष्काम प्रेम नहीं करता !
- ✓ हर रिश्ता किसी न किसी स्वार्थ से जुड़ा है !
- ✓ स्वार्थ पूरा नहीं हुआ तो रिश्ता एक सेकंड में खत्म !
- ✓ यह दुनिया केवल प्यार का नाटक है !
- ✓ सत्य को पहचानो, भ्रम से बाहर आओ !

स्वार्थ का चक्र

भ्रम क्या है ?

- ⊗ मैं तुमसे बहुत प्यार करता/करती हूँ !
- ⊗ तुम्हारे बिना नहीं जी सकता/सकती !
- ⊗ हमारा प्यार सच्चा और अमर है !
- ⊗ हम एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं !
- ⊗ हमेशा साथ निभाएंगे !

सच्चाई क्या हैं ?

- ✓ हर दावा स्वार्थ छुपा कर करता है !
- ✓ स्वार्थ पूरा तो साथ, नहीं तो छुटकारा !
- ✓ नाटक का पर्दा जल्दी या देर से हटता है !
- ✓ जागो, सत्य देखो, भ्रम को तोड़ो !

हर रिश्ते के पीछे छिपा स्वार्थ

माता-पिता	पति-पत्नी	बेटा-बेटी	भाई-बहन	मित्र	रिश्तेदार/समाज
अपेक्षा और सहारे का स्वार्थ !	सुख-सुविधा और इच्छाओं का स्वार्थ !	भविष्य के सहारे और वृद्धावस्था का स्वार्थ !	सहयोग और स्वार्थ का रिश्ता !	लाभ, सुविधा और मनोरंजन का स्वार्थ !	प्रतिष्ठा, दिखावा और समाज में स्थान का स्वार्थ !
बुढ़ापे में सेवा मिले, इसी स्वार्थ से पालते हैं !	एक-दूसरे से सुख और संतोष की अपेक्षा !	बेटे-बेटी से सहारा और सम्मान की अपेक्षा !	जरूरत पर ही याद आता है रिश्ता !	काम पड़ने पर ही याद करते हैं !	लोग क्या कहेंगे, इस डर और दिखावे का स्वार्थ !

स्वार्थ पूरा नहीं तो क्या होता हैं ?

- ⊗ 2 मिनट में साथ छोड़ देते हैं !
- ⊗ फोना उठाना बंद कर देते हैं !
- ⊗ अहंकार और अपमान करते हैं !
- ⊗ दूसरों को दोष देते हैं !
- ⊗ रिश्ते का नाटक खत्म कर देते हैं !

जो अपना नहीं है, वही छोड़ जाता है ! जो सच्चा है, वही साथ निभाता है !

स्वार्थ पूरा हो तो क्या होता है ?

- ✓ मीठी बातें करते हैं !
- ✓ हमेशा साथ रहने की बात करते हैं !
- ✓ प्यार का नाटक करते हैं !
- ✓ स्वार्थ पूरे होने तक ही सब कुछ अच्छा लगता हैं !

दिव्य संदेश

- ✦ दुनिया स्वार्थ का मायाजाल है, यहां कोई किसी का नहीं !
- ✦ प्रेम का नाटक करके सब स्वार्थ सिद्ध करते हैं !
- ✦ भगवान की दृष्टि से देखो, सत्य को पहचानो !
- ✦ सच्चा प्रेम केवल एक है – परमात्मा का प्रेम !
- ✦ उनसे जुड़ोगे तो न कभी धोखा मिलेगा, न कभी छोड़ेंगे !



निष्कर्ष

दुनिया के सारे रिश्ते स्वार्थ के झमेले हैं !
अपने-अपने स्वार्थ को लेकर सब दुनिया में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं !
इसलिए जागो, सत्य को पहचानो और परमात्मा से रिश्ता जोड़ो !

लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

गीता अध्याय 2 श्लोक 27

**जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च ।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ॥**

भक्तों याद रखो - पूरे जीवन भक्ति की,
पर एक भी पाप रहा तो फिर से धरती पर आना पड़ेगा।
भक्ति का फल मिलेगा, पर पाप का भी भोन्न ड़े का हिसाब बाकी है, मुक्ति नहीं।
पाप-पुण्य दोनों का हिसाब चुकता होना ही मुक्ति है। इसलिए 24 घंटे ध्यान
रखो - पाप बिल्कुल न हो। जितने पाप, उतने जन्म!

एक भी पाप = फिर से जन्म निश्चित!
पाप और पुण्य दोनों का हिसाब
चुकता = मुक्ति

वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव

धर्म ही जीवन का सार — कर्म से बंधन, ज्ञान से मुक्ति

गीता ज्ञान - कर्म और मुक्ति

श्लोक:

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।

- गीता 2.27

व्याख्या:

भक्तों याद रखो - यदि मृत्यु के बाद फिर जन्म नहीं लेना, इस जन्म-मरण चक्र से छूटना है, तो पाप कर्म से बचो! भगवान कहते हैं पूरे जीवन में एक भी अपराध शेष रहा तो थरती पर आना निश्चित है। भक्ति का फल मिलेगा, पर पाप का हिसाब भी चुकाना पड़ेगा। जब तक एक भी कर्म शेष है, मुक्ति नहीं। मुक्ति का अर्थ है - पाप और पुण्य दोनों का हिसाब शून्य हो जाना। अच्छे कर्म भी बंधन हैं - सुख भोगने के लिए फिर आना। जैसे दिन के बाद रात, रात के बाद दिन निश्चिद है, तैसे ही जब तक मुक्ति नहीं, जन्म-मृत्यु का चक्र चलता ही रहता है। इसलिए 24 घंटे यही ध्यान रखो - मुझसे कोई अपराध हो। एक दिन में एक पाप से सोचो, जीदन भर कितने? उतनी बार जन्म लेना पड़ेगा।

लेख - श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म
@ अद्वैतानंद पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव


स्वार्थ ही माया का पर्दा है
हम सामने वाले का असली चेहरा क्यों नहीं पहचान पाते?
एक ही कारण - हमारा अपना स्वार्थ प्रबल होना!
हमारी सुख-कामना प्रबल है इसलिए सामने वाले का स्वार्थ
नहीं दिखता। यही माया का पर्दा है।
संपूर्ण जगत स्वार्थ का समुद्र है।
माया का पर्दा
स्वार्थ समुद्र
वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव

स्वार्थ ही माया
का पर्दा है
हम सामने वाले का असली चेहरा क्यों नहीं पहचान पाते?
एक ही कारण - हमारा अपना स्वार्थ प्रबल होना!
हमारी सुख-कामना इतनी प्रबल है कि
सामने वाले का स्वार्थ नहीं दिखता।
यही माया का पर्दा है।
संपूर्ण जगत स्वार्थ का समुद्र है।
स्वार्थ समुद्र
माया का पर्दा
वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव
धर्म ही जीवन का सार - स्वार्थ से बंधन, ज्ञान से मुक्ति

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥7॥

अब तक बीते: 5,128 वर्ष |
शेष: 4,26,872 वर्ष |
कुल आयु: 4,32,000 वर्ष

कलियुग शेष समय :
4,32,000 वर्ष
— समाप्ति की ओर —

अगर 4,32,000 कलयुग के पूरा होने में अगर दो दिन भी बाकी रहेगा तब तक भक्तों याद रखना भगवान धरती में नहीं आएंगे। भगवान धरती में कब आएंगे जब वह दो दिन भी पूरा हो जाएगा मतलब पूरी कलयुग की अवधि जब पूरी हो जाएगी। चारों तरफ प्रचंड़ पाप जब कलयुग में पाप तूफान पर होगा चारों तरफ हाहाकार मचेगा भीषण महा भयंकर पाप जब कलयुग में बढ़ जाएंग तब भगवान धरती में आएंगे। बाकी पापों के लिए यमराज और यमदूत काफी होते हैं उसको सुधारने के लिए भगवान को धरती में आना नहीं पड़ता। भगवान धरती में कब आते हैं जब इस पूरी धरती को शांत करना मुश्किल हो जाता है जब चारों तरफ भीषण पाप बढ़ जाता है तब भगवान आते हैं याद रखना प्यारे भक्तों।

श्लोक 8
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च्
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि
युगे युगे॥8॥

वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव

धर्म की रक्षा • सत्य की विजय • कल्कि अवतार

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥7॥

अब तक बीते : 5,128 वर्ष ।
शेष : 4,26,872 वर्ष ।
कुल आयु : 4,32,000 वर्ष

कलियुग शेष समय :
4,32,000 वर्ष
— समाप्ति की ओर —

गीता अध्याय 4 श्लोक 7, 8

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥7॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥8॥

अगर 4,32,000 कलियुग के पूरा होने में अगर दो दिन भी बाकी रहेगा तब तक भक्तों याद रखना भगवान धरती में नहीं आएंगे। भगवान धरती में कब आएंगे जब वह दो दिन भी पूरा हो जाएगा मतलब पूरी कलियुग की अवधि जब पूरी हो जाएगी। चारों तरफ प्रचंड पाप जब कलियुग में पाप तूफान पर होगा चारों तरफ हाहाकार मचेगा भीषण महा भयंकर पाप जब कलियुग में बढ़ जाएंगे तब भगवान धरती में आएंगे। बाकी पापों के लिए यमराज और यमदूत काफी होते हैं उनको सुधारने के लिए भगवान को धरती में आना नहीं पड़ता। भगवान धरती में कब आते हैं जब इस पूरी धरती को शांत करना मुश्किल हो जाता है जब चारों तरफ भीषण पाप बढ़ जाता है तब भगवान आते हैं याद रखना प्यारे भक्तों।

श्लोक 8
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च्
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि
युगे युगे ॥8॥

वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव

धर्म की रक्षा • सत्य की विजय • कल्कि अवतार

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥7॥
— श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 4, श्लोक 7 —
वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव
धर्म की रक्षा हेतु मैं हर युग में आता हूँ
कुरुक्षेत्र — धर्म वस्तर् धर्म स्थापन

भगवान के यहाँ केवल फल याद रहता है,
कर्म भुला दिया जाता है
गीता 15.15 - मैं ही याद रखवाता हूँ, मैं ही भुलाता हूँ
इस जन्म में सब याद है
अगले जन्म में सब भूल जाओगे
नशा • झूठ
पुनर्जन्म • छिपकली • स्मृति शून्य
??
??
??
झूठ • छल
यम का लेखा - कर्म लेखा
अंधा • रोना • यादें मिटी
प्रश्नपत्र = कर्म
परिणाम = फल
स्मृति मिट गई
प्रार्थना • अच्छे कर्म
कुत्ता • दुख • भूल गया
वक्ता : ब्रह्मवेत्ता पं. जयप्रकाश वैष्णव
कर्म सुधार लो - आगे सिर्फ रोना पड़ेगा, याद कुछ नहीं रहेगा

भाग-1
भगवान के यहाँ
केवल एक चीज याद रहती है
भक्तों समझो इसका रहस्य !
परमात्मा
सर्व साक्षी है !
आज – वर्तमान जीवन में आपको सब याद है
मांस भक्षण कर रहे हो
मुझे याद है मैं मांस भक्षण कर रहा हूँ !
शराब पी रहे हो
मुझे याद है मैं शराब पी रहा हूँ !
किसी के साथ धोखा कर रहे हो
मुझे याद है मैं उसके साथ धोखा कर रहा हूँ !
झूठ बोल रहे हो
तुझे मालूम है मैं झूठ बोल रहा हूँ !
गुस्सा कर रहे हो
मुझे याद है मैं गुस्सा कर रहा हूँ !
पैसे का लालच है
मुझे मालूम है मैं लालची हूँ !
भगवान का नाम जप रहे हो
मुझे याद है मैं भगवान का नाम ले रहा हूँ !
लेकिन आगे सब कुछ खत्म हो जाएगा !
न भगवान की भक्ति याद रहेगी,
न पाप कर्म याद रहेंगे,
केवल भगवान जानेंगे कि
आपने पूरा जीवन क्या-क्या किया !
इसलिए परमात्मा को
सर्व साक्षी कहा गया है !
मृत्यु के समय क्या होता है ?
मेमोरी पावर को “रिसेट” कर दिया जाता है !
RESET
सब याददाश्त शून्य हो जाता है
स्मृति (ब्लेंक)
जैसे आपको अपनी माता के गर्भ में 9 महीने रहने का याद नहीं है,
उसी तरह आगे आपको कुछ भी याद नहीं रहेगा !
जीवात्मा
शून्य अवस्था से आती हैं संसार में, और अंत में वापस शून्य अवस्था में चली जाती है !
शून्य अवस्था
संसार में आती है
शून्य अवस्था में वापस जाती है
संक्षेप में समझो
✦ अभी सब याद है क्योंकि परमात्मा याद रखवाते हैं !
✦ मृत्यु के बाद सब भुला दिया जाता है !
✦ केवल परमात्मा सर्व साक्षी रहते हैं !
✦ इसेलिए अपने कर्म सुधारो अभी !
लेखक – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म @ पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-2

मृत्यु के समय स्मृति क्यों मिट जाती है?

कर्म करते समय स्मृति, कर्मफल भोगते समय विस्मृति !



1 आज आपको सब याद है

आपको याद है कि आप

- क्या कर रहे हैं।
- पाप कर रहे हैं या पुण्य।
- भगवान का नाम जप रहे हैं।
- झुठ बोल रहे हैं या सत्य।
- क्रोध, लोभ, छल, मांस-भक्षण या किसी के साथ अन्याय कर रहे हैं।

अर्थात कर्म करते समय प्राणी को अपने प्रत्येक कर्म की स्मृति रहती है !

2 भगवान स्मृति क्यों देते है ?

भगवान कर्म करते समय स्मृति इसलिए देते हैं कि—

- प्राणी अपने कर्मों को पहचान सके।
- अपने जीवन को सुधार सके।
- पाप छोड़कर धर्म के मार्ग पर चल सके।

जब तक स्मृति है, तब तक सुधार का अवसर है !

3

मृत्यु के साथ वर्तमान जन्म की स्मृतियाँ समाप्त हो जाती हैं!

4 सब याददाश्त शून्य हो जाती है

- जैसे गर्भ के नौ महीने याद नहीं रहते।
- वैसे ही पिछले जन्म के कर्म भी याद नहीं रहते।
- जीव शून्य स्मृति के साथ नया शरीर प्राप्त करता है।

जन्म लेते समय सब कुछ शून्य (RESET) हो जाता है !

5 फिर क्या याद रहता है ?

केवल कर्मों का फल !

सुख का अनुभव	दु:ख का अनुभव
▶ सुख मिल रहा है — यह याद रहता है। ▶ आनंद मिल रहा है — यह याद रहता है।	▶ दु:ख मिल रहा है — यह याद रहता है। ▶ पीड़ा मिल रही है — यह याद रहती है।

लेकिन यह याद नहीं रहता कि यह किस जन्म के किस कर्म का फल है !

श्रीमद्भगवद्गीता 15.15 (सार)

" मैं ही प्राणी को स्मरण कराता हूँ और मैं ही उसे विस्मरण कराता हूँ ! "

अंतिम संदेश

जब तक चेतन शक्ति और स्मृति है, तब तक अपने कर्म सुधार लो !

मृत्यु के बाद कर्म याद नहीं रहते, केवल उनका फल भोगना पड़ता है !

लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-3
कर्मों का फल तो याद रहता है,
कर्म क्यों याद नहीं रहते?
कर्म करते समय स्मृति, कर्मफल भोगते समय विस्मृति !
1 प्राणी पूछता है–
" हे भगवान! मैं कौन से जन्म के कर्मों की सजा भुगत रहा हूँ ? "
दु:ख, बीमारी, गरीबी, विकलांगता, असफलता, अपमान– सब सहकर प्राणी यही प्रश्न करता है।
2 भगवान कहते हैं–
जब तुम कर्म कर रहे थे, तब तुम्हें सब याद था।
मैंने तुम्हें स्मृति दी थी ताकि तुम अपने कर्म सुधार सको।
लेकिन मृत्यु के बाद, उसी स्मृति को मेरी माया ने ढक दिया।
अब केवल कर्मफल रहेगा, कर्म याद नहीं रहेंगे।
3 यही है भगवान की व्यवस्था
वर्तमान जन्म में कर्म
पाप, पुण्य, भक्ति, लोभ, क्रोध, छल, अत्याचार– सब करते समय याद रहता है।
मृत्यु
मृत्यु होते ही शरीर छूट जाता है।
स्मृति समाप्त
MEMORY RESET
स्मृति (याददाश्त) पूर्ण रूप से समाप्त !
अगला जन्म
जीव नया शरीर प्राप्त करता है।
केवल कर्मफल का भोग
सुख-दु:ख, रोग-शोक, गरीबी-अमीरी– केवल कर्मों का फल भोगता है।
फल तो मिल रहा है, पर यह याद नहीं कि किस कर्म का फल है !
4 क्या इन जीवों को याद है कि यह कौन से कर्मों का फल है?
छिपकली
क्या इसे याद है? नहीं !
कुत्ता
क्या इसे याद है? नहीं !
सूअर
क्या इसे याद है? नहीं !
गाय
क्या इसे याद है? नहीं !
इसी प्रकार मनुष्य को भी याद नहीं रहता कि वह किस जन्म के कौन से कर्मों का फल भोग रहा है।
लेकिन कर्मफल अवश्य मिल रहा है !
5 कर्मफल के कुछ भयानक उदाहरण
जन्म से नेत्रहीन
ना प्रकाश देख सकता है, ना रंग, ना चेहरा।
चन्म से विकलांग
चल नहीं सकता, दूसरों पर निर्भर जीवन।
वाणीहीन (बोल नहीं सकता)
मन में बहुत कुछ है, पर बोल नहीं सकता।
असहनीय रोग से पीड़ित
दिन-रात असहनीय वेदना, कभी आराम नहीं।
अत्यंत गरीबी और अभाव
भोजन, वस्त्र, मकान तक का अभाव।
यह सब कर्मों का फल है, पर यह याद नहीं कि यह किस कर्म का फल है।
निष्कर्ष
यही भगवान की माया है–
कर्म करते समय – स्मृति !
कर्मफल भोगते समय – विस्मृति !
भगवान सर्वसाक्षी हैं। तुम भूल जाते हो, पर भगवान कभी नहीं भूलते। इसलिए अभी अपने कर्म सुधार लो।
आज का सुधरा हुआ कर्म कल के दु:खों को रोक सकता है। जब तक स्मृति है, तब तक अवसर है।
लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-4
भगवान अभी क्यों नहीं बताते
कि यह किस कर्म का फल है ?
कर्म करते समय स्मृति, कर्मफल भोगते समय विस्मृति !
1 जीव की पुकार
“ हे भगवान ! मुझे बता दीजिए कि यह दु:ख किस जन्म के किस कर्म का फल है ?”
दु:ख, बीमारी, गरीबी, विकलांगता, अपमान – जीव पूछता है कि यह सब क्यों मिल रहा है ?
2 भगवान का उत्तर
❖ जब तुम कर्म कर रहे थे, तब तुम्हें सब याद था।
❖ मैंने तुम्हें स्मृति दी थी ताकि तुम अपने कर्म सुधार सको।
❖ लेकिन मृत्यु के बाद उसी स्मृति को मेरी माया ने ढक दिया।
क्योंकि यदि सब याद रहे, तो मेरी माया की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी !
3 दो स्थितियाँ – यही भगवान की माया का रहस्य है
यदि पिछले जन्म याद रहते तो क्या होता ?
❖ हर व्यक्ति अपने पुराने जन्मों में उलझा रहता।
❖ किसी से बदला लेता।
❖ किसी से द्वेष करता।
❖ मोह, आसक्ति और झगड़े कभी समाप्त नहीं होते।
❖ कोई भी आगे बढ़ नहीं पाता।
न जीवन में शांति रहती, न प्रेम, न सुख !
MEMORY RESET
इसलिए भगवान स्मृति को RESET कर देते हैं !
इसलिए भगवान विस्मृति देते हैं
❖ जीव को नया जीवन मिलता है।
❖ नया शरीर, नया परिवार, नया वातावरण, नई दिशा।
❖ पुरानी बातें भूलकर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।
❖ अपने वर्तमान कर्मों से भविष्य बदलने की शक्ति मिलती है।
नया अवसर मिलता है, आगे बढ़ने की शक्ति मिलती है !
4 भगवान का संदेश
❖ मैं तुम्हें दंड देने के लिए नहीं, सुधारने के लिए संसार में भेजता हूँ।
❖ दु:ख, कष्ट और परेशानियाँ तुम्हें जगाने के लिए हैं।
❖ यदि तुम सुधर जाओगे, तो आने वाला भविष्य सुखमय होगा।
❖ मैं चाहता हूँ कि तुम अपने वर्तमान कर्मों को श्रेष्ठ बनाओ।
अतीत नहीं, वर्तमान महत्वपूर्ण है !
5 जीव का संकल्प
अब मैं अपने वर्तमान जीवन के कर्म सुधारूँगा। क्योंकि आगे केवल कर्मफल याद रहेगा, कर्म नहीं।
भूतकाल मत खोजो, वर्तमान सुधारो !
भगवान की व्यवस्था – जीव के कल्याण के लिए
कर्म करते समय स्मृति देते हैं
ताकि जीव अपने कर्म सुधार सके
मृत्यु के साथ स्मृति मिटा देते हैं
नया जन्म देते हैं
केवल कर्मफल का भोग कराते हैं
यही भगवान की अद्भुत, न्यायपूर्ण और करुणामयी व्यवस्था है !
लेख – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-5

अब क्या करना चाहिए ?
यही है जीवन का सार !

कर्म करते समय स्मृति, कर्मफल भोगते समय विस्मृति !

1 सत्य को समझो

- कर्म करते समय तुम्हें सब याद रहता है।
- मृत्यु के बाद स्मृति मिट जाती है।
- फिर केवल कर्मों का फल याद रहता है, कर्म नहीं।
- यह भगवान की माया है।

इस सत्य को समझ लेना ही ब्रह्म ज्ञान की शुरुआत है।

2 कर्म सुधारने का सुनहरा अवसर

- वर्तमान जन्म ही कर्म सुधारने का एकमात्र अवसर है।
- पाप छोड़ो, पुण्य अपनाओ।
- भजन, सेवा, दया, सत्य, प्रेम, करुणा को जीवन में लाओ।
- क्योंकि अगला जन्म कैसा होगा, यह तुम्हारे कर्म तय करेंगे।

अभी किया गया छोटा सा शुभ कर्म भी भविष्य को बदल सकता है।

3 किस पर ध्यान दो ?

- ✗ भूतकाल के कर्म ढूंढने में समय व्यर्थ मत करो।
- ✗ दूसरों को दोष मत दो।
- ✓ अपने वर्तमान कर्मों पर ध्यान दो।
- ✓ ईश्वर की शरण लेकर कर्म करते रहो।

भूत की चिंता छोड़ो, वर्तमान सुधारो, भविष्य संवारो।

4 कर्मों का फल भोगना निश्चित है – इससे कोई बच नहीं सकता

पाप के फल
- दुःख, बीमारी, कष्ट
- गरीबी, अपमान
- अशांति, भय
- असफलता
- नरक जैसी स्थिति

पुण्य के फल
- सुख, शांति, समृद्धि
- सम्मान, प्रतिष्ठा
- स्वस्थ शरीर, बुद्धि
- संतान सुख, सहयोग
- स्वर्ग जैसी स्थिति

लेकिन स्मृति नहीं रहती
कर्मों का फल तो मिलता है, पर यह याद नहीं रहता कि यह किस कर्म का फल है।

सबको समान नियम
राजा हो या रंक, विद्वान हो या मूर्ख, सभी को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है।

भगवान सर्वसाक्षी हैं
भगवान सब देख रहे हैं, सब जानते हैं, सबके कर्मों का लेखा उनके पास सुरक्षित है।

अतः इस शरीर रहते हुए अपने कर्मों को पवित्र, शुभ और भगवान के लिए बना लो।

5 कैसे करें अपने जीवन को सफल ?

- प्रति दिन भगवान का स्मरण और नाम जप करो।
- सत्य बोलो, धर्म से कमाओ, दया और सेवा करो।
- माता-पिता, गुरु और बड़ों का सम्मान करो।
- पाप कर्मों से बचो – हिंसा, चोरी, छल, क्रोध, नशा आदि।
- सभी प्राणियों में भगवान को देखकर प्रेम करो।
- जो कुछ भी करो, भगवान को अर्पण करके करो।

6 अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण संदेश

आज जो करेंगे,
वही कल बनकर आएगा।
अभी संभल जाओ,
यही जीवन की कमाई है।
कर्म ही साथ जाएंगे,
बाकी सब यहीं छूट जाएगा।

जागो, समझो और अपने कर्मों को बदलो – यही जीवन की सफलता है !

पूरी श्रृंखला का सार

1. कर्म करते समय स्मृति रहती है।
2. मृत्यु के बाद स्मृति मिट जाती है।
3. कर्मों का फल तो याद रहता है, कर्म नहीं रहते।
4. भगवान ऐसा ही करते हैं हमारी भलाई के लिए।
5. अब वर्तमान जीवन के कर्म सुधारना ही हमारा एकमात्र कर्तव्य है।

अंतिम निष्कर्ष

कर्म आपका है,
व्यवस्था भगवान की है,
फल निश्चित है।
इसलिए अच्छा कर्म ही
सच्ची सुरक्षा है।

श्रीमद्भगवद्गीता 3.9 (सार)

“ यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः ।”

यज्ञ (ईश्वर) के लिए किए बिना कर्म बन्धन का कारण बनते हैं।

लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-6
सुख में भगवान क्यों भूल जाते हैं,
दुःख में क्यों याद आते हैं ?
सुख और दुःख दोनों प्रारब्ध से मिलते हैं !
1 सुख और दुःख दोनों प्रारब्ध से मिलते हैं
भक्तों !
सुख भी आपके पूर्व जन्म के कर्मों का फल है।
दुःख भी आपके पूर्व जन्म के कर्मों का फल है।
सुख
दुःख
प्रारब्ध
पूर्व जन्म के कर्म
दोनों प्रारब्ध से मिलते हैं, कोई भी अपने बल से नहीं !
2 दुःख में जीव क्या कहता है ?
हे श्रीकृष्ण ! मैंने ऐसा कौन-सा कर्म किया कि मुझे इतना दुःख मिला ?
दुःख आते ही जीव को अपने कर्म याद आने लगते हैं !
3 सुख में जीव क्या कहता है ?
✓ मैंने मेहनत से सब पाया है।
✓ यह मेरी योग्यता है।
✓ भगवान की क्या आवश्यकता ?
यहीं जीव अपने प्रारब्ध और भगवान—दोनों को भूल जाता है !
4 सुख में माया का पर्दा पड़ जाता है, दुःख में वही पर्दा हटने लगता है
सुख का समय (माया का पर्दा)
धन, संपत्ति, मान, सम्मान, परिवार, सुख-सुविधा चारों तरफ से आनंद और ऐश्वर्य
अहंकार का पर्दा पड़ जाता है ! भगवान सामने होते हुए भी दिखाई नहीं देते !
माया का पर्दा (अहंकार)
दुःख का समय (पर्दा हटने लगता है)
दुःख, बीमारी, गरीबी, अपमान, विपत्ति, हानि, अकेलापन, हार और शोक
अहंकार गिरता है, माया का पर्दा हटता है, भगवान दिखाई देते हैं !
5 कबीरदास जी ने सत्य कहा है
"दुःख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोय !"
6 क्यों भूल जाता है जीव ?
क्योंकि सुख में अहंकार चढ़ जाता है और माया का मद (शराब) पिला दिया जाता हैं
माया सुख का मद पिलाती है
अविद्या की शराब
कर्तापन का नशा
मैं, मेरा, मुझे का भाव
भगवान, प्रारब्ध, कर्म सब भूल जाता है
7 याद रखना !
❖ सुख और दुःख दोनों प्रारब्ध से मिलता है।
❖ न केवल दुःख प्रारब्ध से,
❖ न केवल सुख प्रारब्ध से, दोनों प्रारब्ध के बच्चे हैं।
❖ जो मिल रहा है वह आपके पूर्व जन्म के कर्मों का फल है।
❖ अपने बल, परिश्रम, शक्ति से कभी नहीं मिलता कुछ भी !
इसलिए...
सुख में अहंकार त्यागो, अपने प्रारब्ध और भगवान को याद रखो।
दुःख में धैर्य रखो, भगवान को याद करो, यह तुम्हारे कल्याण के लिए है।
निष्कर्ष
✓ सुख में मत भूलो कि यह प्रारब्ध है।
✓ दुःख में मत टूटो, यह भी प्रारब्ध है।
✓ दोनों स्थितियों में भगवान को याद करो,
यही बुद्धिमानी है, यही भक्ति है !
सुख में अहंकार उठता है, दुःख में विवेक जागता है,
अहंकार गिरता है तो केवल भगवान ही दिखाई देते हैं !
लेख – श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-7

माया का पर्दा, अहंकार का नशा और अविद्या का मद

यही कारण है कि सुख में जीव भगवान को भूल जाता है !

1 सुख आते ही क्या होता है ?

जैसे ही सुख, धन, मान- सम्मान, परिवार, सफलता, ऐश्वर्य, पद, प्रतिष्ठा, भोग-विलास आदि जीवन में आते हैं, माया जीव पर अपना काला पर्दा डाल देती है।

यही माया का पहला आक्रमण है !

माया अविद्या का मद पिलाती है, और जीव को अहंकार का नशा चढ़ा देती है !

2 माया क्या करती है ?

- माया जीव को अविद्या का मद (शराब) पिलाती है।
- उसे कर्तापन का नशा चढ़ा देती है।
- जीव को पता ही नहीं चलता कि वह नशे में है।
- नशे में वह बकबक करने लगता है।

जैसे शराबी को नहीं पता चलता कि वह शराब पी चुका है, वैसे ही जीव को पता नहीं चलता कि वह अहंकार के नशे में है !

3 अहंकार का नशा चढ़ते ही जीव क्या बोलता है ?

- मैं जो कुछ भी हूँ, अपने परिश्रम से हूँ।
- भगवान जैसी कोई शक्ति नहीं है।
- मैं भगवान को नहीं मानता।
- मुझे किसी की आवश्यकता नहीं।
- यह मेरा घर, मेरा धन, मेरा परिवार, मेरी बुद्धि, मेरी सफलता है।
- मैंने सब कुछ अपनी मेहनत से कमाया है।
- मैं ही कर्ता हूँ, मैं ही भोक्ता हूँ।
- मैं जैसा चाहता हूँ, वैसा करता हूँ।

यह बकबक 24 घंटे चलती रहती है !

4 यही अहंकार क्या-क्या भुला देता है ?

- ✗ भगवान को भूल जाता है।
- ✗ अपने प्रारब्ध को भूल जाता है।
- ✗ अपने पूर्व जन्म के कर्मों के विधान को भूल जाता है।
- ✗ परम सत्य को भूल जाता है।
- ✗ कर्मों के फल का मूल कारण भूल जाता है।
- ✗ सब कुछ अपना समझकर संसार में उलझ जाता है।



यही है माया का काला पर्दा !

5 अहंकार का स्वभाव और परिणाम

- अहंकार अंधा बना देता है।
- अहंकार विवेक छीन लेता है।
- अहंकार सत्य से दूर कर देता है।
- अहंकार जीव को भगवान से दूर कर देता है।
- अहंकार माया का सबसे बड़ा हथियार है।
- अहंकार रहेगा तो शांति नहीं मिलेगी।
- अहंकार रहेगा तो भक्ति नहीं जगेगी।
- अहंकार रहेगा तो ज्ञान नहीं खुलेगा।
- अहंकार रहेगा तो कल्याण नहीं होगा।

जब तक अहंकार है, तब तक परमात्मा दूर हैं !

6 कबीरदास जी का अमर वचन



"जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहिं।"

अर्थ :-
जब तक 'मैं' (अहंकार) था,
तब तक भगवान का अनुभव नहीं हुआ।
अब जब 'मैं' मिट गया, तब केवल हरि ही हैं।

अहंकार मिटते ही भगवान मिलते हैं !
समर्पण होते ही सत्य प्रकट होता है !

निष्कर्ष

माया का पर्दा अहंकार है, अविद्या उसका मद है,
जो जीव को नशे में डालकर भगवान से दूर कर देता है।
यह पर्दा हटते ही जीव को परमात्मा का दर्शन होने लगता है।



लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-8
भगवान दु:ख की भट्टी में
क्यों डालते हैं ?
दु:ख दंड नहीं, जागरण का द्वार हैं !
1 सबसे बड़ा प्रश्न
भक्तों !
यदि भगवान दयालु हैं, तो अपने भक्तों को दु:ख क्यों देते हैं ?
?
2 सही उत्तर
भगवान दंड देने के लिए दु:ख नहीं देते ।
वे जीव के अहंकार को गलाने के लिए,
सोई हुई बुद्धि को जगाने के लिए, दु:ख देते हैं ।
3 दो उदाहरण – एक ही सत्य
सोना अग्नि में तपकर कुंदन बनता है ।
सोना
कुंदन
जीव दु:ख में तपकर महान बनता है ।
4 दु:ख की भट्टी में क्या होता है ?
1 अहंकार टूटता है ।
अहं कार
2 माया का पर्दा हटता है ।
3 भगवान का स्मरण जागता है ।
4 विवेक और बैराग्य प्रकट होते हैं ।
5 भगवान का उद्देश्य
दंड देना नहीं ।
अनंत जन्मों की सोई हुई बुद्धि को जगाना ।
जीव को 84 लाख योनियों के चक्र से मुक्त करना ।
84 लाख योनियाँ
उसे परम सत्य की ओर ले जाना ।
6 यदि भगवान किसी जीव का कल्याण चाहते हैं...
तो सबसे पहले उसे दु:खों की अग्नि में तपाते हैं ।
दु:खों की अग्नि
कर्मों की कटाई
अहंकार का गलना
बुद्धि का जागना
समर्पण और परम शांति
वहीं से उसके जीवन का वास्तविक परिवर्तन प्रारंभ होता हैं ।
याद रखें
दु:ख शत्रु नहीं, शिक्षक है ।
दु:ख बंधन नहीं, वरदान है ।
दु:ख अंत नहीं, आरंभ है ।
दु:ख से भागो मत, उसे भगवान की कृपा समझो ।
अंतिम निष्कर्ष
दुख भगवान का क्रोध नहीं, जीवन में प्रतिकूलता भगवान की सबसे बड़ी विशेष कृपा होती हैं !
भक्तों के लिए संदेश
दु:ख में धैर्य रखो ।
भगवान को याद रखो ।
समर्पण करो ।
दु:ख को साधना बनाओ, यही मुक्ति का रास्ता है ।
लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-9
दुःख शत्रु नहीं,
जीव के कल्याण का द्वार है
दुःख नहीं, जागृति का द्वार है !
1 संसार की भूल
अधिकांश लोग सोचते हैं—
“ दुःख मेरा सबसे बड़ा शत्रु है !”
लेकिन यही सबसे बड़ा भ्रम है !
दुःख
2 परम सत्य
यदि जीवन में कभी भी दुःख न आए—
✗ अहंकार कभी नहीं टूटेगा।
✗ माया का पर्दा नहीं हटेगा।
✗ भगवान का स्मरण नहीं होगा।
✗ समर्पण उत्पन्न नहीं होगा।
अहंकार
माया पर्दा
भगवान से दूरी
3 दुःख का मार्ग ही जागृति का मार्ग बन सकता है !
सुख का मार्ग (भ्रम का मार्ग)
दुःख का मार्ग (जागृति का मार्ग)
चुनाव आपका है
दो मार्ग हमेशा सामने होते हैं
✗ ऐश्वर्य
✗ अहंकार
✗ माया का पर्दा
✗ भगवान से दूरी
✓ आँसू
✓ प्रार्थना
✓ समर्पण
✓ भगवान का प्रकाश
अंत – अंधकार, अशांति और भविष्य का दुःख
अंत – शांति, आनंद और भगवान का साक्षात्कार
4 जब दुःख आता है...
✓ जीव अपने भीतर झाँकता है।
✓ अपने कर्मों पर विचार करता है।
✓ भगवान को पुकारता है।
यहीं से वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ होती है !
5 भगवान दुःख इसलिए नहीं देते कि जीव टूट जाए !
भगवान दुःख इसलिए आने देते हैं कि जीव जाग जाए !
6 याद रखिए—
जिस दुःख ने आपको भगवान के निकट पहुँचा दिया,
वह दुःख नहीं,
आपके जीवन का सबसे बड़ा वरदान है !
अंतिम निष्कर्ष
जिस प्रतिकूलता से अहंकार टूटे,
वही प्रतिकूलता जीव के कल्याण का द्वार बन जाती है !
लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश वैष्णव

भाग-10

बुद्धि जागने का लक्षण, समर्पण और कर्म सिद्धांत का अंतिम निष्कर्ष

यही जीवन का सत्य है, यही मुक्ति का पथ है !

1 बुद्धि जागने के 10 लक्षण

1. अपने दुखों का कारण समझने लगता है।
2. कर्म सिद्धांत पर विश्वास जागता है।
3. भगवान को याद करने लगता है।
4. अहंकार गलने लगता है।
5. माया की असारता दिखने लगती है।
6. सत्संग और शास्त्रों में रुचि बढ़ती है।
7. अपनी गलतियों पर पश्चाताप होता है।
8. मन शांत और संयमित होने लगता है।
9. समर्पण की भावना उत्पन्न होती है।
10. सभी में भगवान का अंश देखने लगता है।

2 समर्पण के 10 लक्षण

1. मैं कुछ नहीं, सब कुछ तेरा है।
2. सुख-दुख में समान भाव रहता है।
3. भगवान की इच्छा में प्रसन्न रहता है।
4. अपने कर्मों का फल भगवान को सौंप देता है।
5. अहंकार और अभिमान त्याग देता है।
6. हर परिस्थिति में भगवान पर भरोसा रखता है।
7. मन, वचन, कर्म से भगवान को समर्पित रहता है।
8. किसी से अपेक्षा नहीं रखता।
9. प्रार्थना केवल भगवान के लिए करता है।
10. अपना जीवन भगवान की सेवा में लगाता है।

3 कर्म सिद्धांत का सार

- जो बोओगे, वही काटोगे।
- हर कर्म का फल निश्चित है।
- कोई भी कर्म व्यर्थ नहीं जाता।
- कर्म तीन प्रकार के हैं–

संचित कर्म – अनेक जन्मों के संचित कर्म

प्रारब्ध कर्म – इस जन्म में भोगना ही पड़ता है

क्रियमाण कर्म – अभी जो कर रहे हैं

- क्रियमाण कर्म से भविष्य का निर्माण होता है।
- कर्मों से बचा नहीं जा सकता, पर बदला जा सकता है।

4 जीवन का पूरा क्रम

कर्म करते हैं (क्रियमाण)
↓
फल मिलता है (प्रारब्ध)
↓
सुख या दुख का अनुभव होता है।
↓
बुद्धि जागती या सोई रहती है
↓
फिर से कर्म करते हैं
↓
चक्र चलता रहता है...

5 जब बुद्धि जाग जाती है तब...

जीव समझ जाता है कि–

- ✔ मैं शरीर नहीं, आत्मा हूँ।
- ✔ सुख-दुख कर्मों का परिणाम है।
- ✔ सब कुछ भगवान की योजना है।
- ✔ माया असार है, भगवान ही सार हैं।
- ✔ मेरा कर्त्तव्य है– कर्म करना और फल भगवान को समर्पित करना।
- ✔ यही समझ ही वास्तविक ज्ञान है।

6 समर्पण होने पर क्या होता है ?

- मन शांत हो जाता है।
- भय समाप्त हो जाता है।
- चिंता समाप्त हो जाती है।
- जीवन में संतोष आ जाता है।
- भगवान का अनुभव होने लगता है।
- कर्म बंधन कटने लगते हैं।
- जीव मुक्ति के मार्ग पर चल पड़ता है।

7 जीव की तीन अवस्थाएँ

अविद्या अवस्था
अहंकार, माया, विषय भोग
भगवान से दूरी, दुःख ही दुःख
↓
विवेक अवस्था
दुःख से जागरण, विचार,
सत्संग, भगवान की ओर कदम
↓
समर्पण अवस्था
शांति, संतोष, भगवान का अनुभव,
कर्मबंधन से मुक्ति

8 मुक्ति के 10 लक्षण

1. अहंकार का पूर्ण नाश।
2. माया से पूर्ण वैराग्य।
3. सुख-दुख में अचल रहना।
4. राग-द्वेष से मुक्त होना।
5. मन का पूर्ण संयम।
6. समस्त कर्मों का क्षय होना।
7. केवल भगवान में प्रेम रहना।
8. जन्म-मरण के भय से मुक्ति।
9. आत्मा का साक्षात्कार होना।
10. ब्रह्म में लीन होकर शाश्वत शांति पाना।

9 वास्तविक सफलता क्या है ?

- ★ धन, मान, पद, यश क्षणिक हैं।
- ★ शरीर नश्वर है, साथ कुछ नहीं जाता।
- ★ केवल कर्म और भक्ति साथ जाते हैं।
- ★ भगवान की शरण ही जीवन की सच्ची सफलता है।

10 अंतिम निष्कर्ष

कर्म करते रहो,
कर्म सिद्धांत को समझो,
फल को भगवान को समर्पित करो।

→ दुःख आए तो घबराओ मत,
यह भगवान की विशेष कृपा है।

→ बुद्धि जागाओ,
समर्पण करो,
भगवान को पा जाओ।

→ यही जीवन का उद्देश्य है,
यही मुक्ति का मार्ग है,
यही शाश्वत सत्य है।

→ इस सत्य को जानकर जो जीता है,
वही वास्तव में मुक्त है,
वही धन्य है, वही सफल है।

कर्म करो, समर्पण करो, भगवान को पाओ और जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाओ !

लेख– श्री राधे कृष्ण परात्पर ब्रह्म © पं. श्री जयप्रकाश बैष्णव

हमको भगवान दिखाई नहीं देता तो क्यों?
इसलिए क्योंकि उनके अभी उसके जीवन में प्रकाश की किरण है सुख की रोशनी हैं!
और जब तक जीवन में सुख की रोशनी रहेगी तब तक परमात्मा दिखाई नहीं दे सकता, कभी दिखाई नहीं देगा!
सुख की रोशनी
धन, संपति, मान-सम्मान, परिवार, शरीर, इंद्रिय सुख...
इसमें भगवान नहीं दिखते!
भगवान का एड्रेस क्या हैं?
दुःख और कष्ट ही भगवान का एड्रेस है!
भगवान प्राणी को तब तक दिखाई नहीं देते
जब तक उसे काल, कर्म और नियति का झापड़ ना पड़े!
जब कोई दिखाई नहीं देता ना दुनिया में कोई नहीं,
मतलब कोई नहीं, तब वही परमात्मा दिखाई देता हैं!
दुःख और कष्ट
जब सब रास्ते बंद हो जाते हैं, तब परमात्मा स्वयं दर्शन देते हैं!
अभी परमात्मा दिखाई क्यों नहीं देते? – इसका सबसे बड़ा कारण हैं – माया का पर्दा!
माया किसको कहते हैं?
धन
संपति
मान-सम्मान
प्रतिष्ठा
माता-पिता
पति-पत्नी
पुत्र-पुत्री
शरीर
यह सब संसार में चारों तरफ जाल फैला हुआ है, वही माया का फंदा है! इसीलिए भगवान अभी दिखाई नहीं देते!
जब गर्भ में थे तब?
एक जगह थैली में सिकुड़े हुए,
भगवान से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहे थे!
केवल भगवान ही भगवान दिखाई दे रहे थे!
क्यों?
क्योंकि वहां माया नहीं था!
जैसे ही योनि द्वार से बाहर आए...
भगवान की माया
★ श्रीमद्भागवत महापुराण कहती हैं – जैसे ही प्राणी माता की योनि द्वार से बाहर आया, भगवान की माया उसे पकड़ लेती हैं!
★ फिर उसकी बुद्धि भगवान से हटकर माया की तरफ घूम जाती हैं, इंद्रिय, मन, बुद्धि को हग कर लेती है और भगवान से दूर कर देती हैं!
जहां माया है वहां ब्रह्म नहीं, जहां ब्रह्म है वहां माया नहीं!
भगवान उन्हें ही दिखाई देते हैं जिनके जीवन में सभी रास्ते बंद हो जाते हैं!
वेद कहते हैं – भगवान दिखाई ना देने का सबसे बड़ा कारण – भगवान की माया!
एक दरवाजा भी खुला हो तो भगवान दिखाई नहीं देंगे!
वेद
परमात्मा कब दिखाई देते हैं?
जब चारों रास्ते बंद हो जाते हैं!
जब एक भी रास्ता दिखाई नहीं देता!
जब सब सहारा छूट जाता हैं!
जब दुख और कष्ट ही एकमात्र सहारा बनते हैं!
धन
परिवार
मान
शरीर
तब खुलता है भगवान का द्वार!
दुःख और कष्ट क्यों आते हैं? – पीटने के लिए नही, समर्पण करवाने के लिए!
कर्तापन के नशे को उतारने के लिए
अनंत जन्मों से कर्तापन का भांग चढ़ा हैं!
इस शराब के नशे को उतारने का एक ही दवाई है – चारों तरफ से कष्ट, असफलता, दुख ही दुख!
अहंकार को तोड़ने के लिए
अपने शक्ति और अहंकार को मिटाने के लिए!
जीवन में विपत्तियों, दुखों का तूफान आते हैं!
